तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 दिसंबर 2024

09 एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी से एचआईवी पॉजिटिव स्वस्थ जीवन जी सकता है



10 समाधि ले रहा था कथित बैगा, पहुंची जिला व पुलिस प्रशासन की टीम





## खबर संक्षेप

### रबी फसल का बीमा 31 दिसबर तक

**धमतरी**। जिले में इस वर्ष भी रबी वर्ष 2024-25 में फसलों का बीमा किया जा रहा है, जिसकी अधिसूचना शासन द्वारा जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसलों का प्राकृतिक रूप से होने वाली क्षति की प्रतिपूर्ति की जाती है। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसान 31 दिसबर तक बीमा करा सकते है।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 तक

**धमतरी**। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में अगरबत्ती एवं मोमबत्ती निर्माण का 10 दिवसीय निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 साल तक के स्वरोगार के इच्छुकों से 10 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि अगरबत्ती एवं मोमबत्ती निर्माण के साथ ही उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित है।

### विभिन्न व्यवसाय के लिए मिलेगा ऋण

**धमतरी**। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति धमतरी द्वारा वर्ष 2024-25 में संचालित अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 179 और आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 54 हितग्राहियों को विभिन्न व्यवसाय के लिए बैंक के माध्यम से ऋण दिया जाएगा। इसमें किराना, फैंसी, सायकल स्टोर्स, बढ़ईगिरी, फर्नीचर आदि व्यवसाय शामिल हैं। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी बीएस सिदार ने बताया कि विभाग द्वारा पात्रता अनुसार स्वीकृत ऋण राशि का 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार रूपये अनुदान राशि दी जाएगी। ऋण राशि की सीमा नहीं है। आवेदन 31 दिसम्बर तक मंगाए गए हैं।

### जनदर्शन में मिले आवेदनों का अधिकारी करें तत्काल निराकरण : नम्रता गांधी



**धमतरी**। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से जनदर्शन में पहुंचे फरियादियों की बारी-बारी से समस्या, मांग और शिकायतों को सुनी और और प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने सहित राजस्व प्रकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण कराने और अतिक्रमण हटाने तथा अवैध ब्लास्टिंग रोकने संबंधी कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी**। शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शहर के एक वार्ड की रहने वाली युवती को वर्ष 2022 में युवक ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। बाद में पीड़िता द्वारा शादी के लिए कहने पर युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की लिखित शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी लोकेश निवासी धमतरी के खिलाफ धारा 276, 306 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया में 14 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी नहीं आए

# मजबूरी में जो चूक गए थे उन्हें मिलेगा दोबारा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया 7 दिसंबर तक चलेगी। 8 दिसंबर को रिजर्व रखा गया है। इस दिन जो अभ्यर्थी तबीयत खराब, अन्य परीक्षा के चलते या कोई अन्य अति आवश्यक कार्य के कारण भर्ती में नहीं आ पाए हैं, उन्हें 8 दिसंबर को मौका दिया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को मेडिकल सर्टिफिकेट या अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

धमतरी वन मंडल और सीतानदी अभ्यारण्य में रिक्त वन रक्षक के 72 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। भर्ती प्रक्रिया इंडोर स्टेडियम में 25 नवंबर से शुरू है। चार दिन और चलेगी। अब तक 20000 हजार अभ्यर्थियों को बुलाया जा चुका है, जिसमें से करीब 6500 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। 14500 अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल ही नहीं हुए। इसमें ज्यादातर अभ्यर्थी ऐसे हैं, जो जानबूझ कर उपस्थित नहीं हुए लेकिन कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी हैं, जो किसी मजबूरी के चलते भर्ती प्रक्रिया में उपस्थित नहीं हो पाए। भर्ती प्रक्रिया के अंत में इन लोगों को दोबारा मौका दिया जाएगा। 7 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया निबटा ली जाएगी। इसके बाद 8 दिसंबर को रिजर्व श्रेणी की भर्ती होगी, जिसमें बीमारी या अन्य किसी मजबूरी के चलते चलते भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए उनका दस्तावेज जांच और शारीरिक परीक्षा ली जाएगी।



### नहीं आ रहे ज्यादा अभ्यर्थी

वनरक्षक के रिक्त 72 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इस भर्ती प्रक्रिया में प्रदेश भर से 28 हजार युवाओं ने फार्म जमा किया था। इन सभी अभ्यर्थियों को अलग- अलग दिनों में बुलाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा रोजाना 25 सौ अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है, लेकिन इसमें से 750-800 अभ्यर्थी ही रोजाना आ रहे हैं। रोजाना 1500 से ज्यादा अभ्यर्थी बुलाने के बाद भी नहीं आ रहे हैं। अब तक 20000 हजार अभ्यर्थियों को बुलाया जा चुका है। बाकी 8000 अभ्यर्थियों को 7 दिसंबर तक बुलाया जाएगा।

### बरती जा रही पारदर्शिता : डीएफओ जाधव

डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया डिजिटल मशीन की मदद से की जा रही है। दस्तावेज जांच के बाद उंची कूद, लंबी कूद जैसे चार इवेंट से शारीरिक दक्षता परखी जा रही है। हेराफेरी की गुंजाइश नहीं है। युवाओं को भी इमानदारी से इवेंट में बेहतर परफार्मेंस के लिए प्रयास करना चाहिए। कोई व्यक्ति भर्ती करवाने के नाम पर लेनदेन का ऑफर देता है तो अभ्यर्थी उसके झांसे में न आएं, बल्कि शिकायत करें।

---

# बेची गई खाद की रकम के लिए भटक रही महिला समूह



- कोलियारी की महिला स्वसहायता समूह ने उद्यानिकी विभाग को बेची थी 105 क्विंटल खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकार के बदलने से नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी योजना पर ब्रेक लग गया। लेकिन इसके पीछे महीनों श्रम करने वाली महिला स्वसहायता समूह की किसी ने सुध नहीं ली। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम पंचायत कोलियारी की महिला स्वसहायता समूह ने उद्यानिकी विभाग को बेचे गए 105 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद की रकम दिलाने कलेक्टर से गुहार लगाई।

जय मां बम्लेश्वरी महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष मधु साहू, सचिव चंपा के साथ पहुंची सदस्य ललिता, गायत्री, सावित्री, अंजनी ने बताया कि कोलियारी के गौठान में उनकी समूह वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने का काम करती थी। डेढ़ साल पहले बेंद्रानवागांव उद्यानिकी अधीक्षक को 105 क्विं. वर्मी कम्पोस्ट खाद बेची गई थी जिसकी कुल कीमत 1 लाख 5 हजार रूपए होती है। 40 हजार रुपए महिला समूह के खाते में जमा होना था। 60 हजार गौठान समिति पंचायत तथा शेष राशि सोसाइटी में जाना था। डेढ़ साल बीतने के बाद भी खाते में पैसा नहीं आया है। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग में जाने पर खरेंगा सोसाइटी में पैसा भेजे जाने की बात कही जाती है। वहीं खरेंगा सोसाइटी में पैसा नहीं आने की जानकारी दी जाती है। जिला सहकारी बैंक में पता किया गया तो कुछ तकनीकी समस्या दूर होने पर पैसा मिलने की बात कही गई है। इसकी शिकायत जनदर्शन में की गई है लेकिन महिला समूह को इस आफिस से उस आफिस भटकाया जा रहा है। समूह ने कलेक्टर से लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी पर कार्रवाई करने तथा कम्पोजिट खाद की रकम दिलाने की गुहार लगाई है।

---

# भाई के मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए सालों से भटक रही बहन

- सड़क हादसे में चालक की मौत, जिला अस्पताल में हुआ था पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला अस्पताल ने असंवेदनशीलता की सीमा पार कर दी है। यहां एक बहन अपने भाई के मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए 6 साल से भटक रही है।

सोमवार को चारामा हाराडुला निवासी कुमारीबाई पति दयाराम साहू आवेदन लेकर जनदर्शन पहुंची थी। गोकुलपुर के पूर्व पार्षद महेश साहू ने बताया कि कुमारीबाई साहू और मृतक ऐलन दोनों भाई-बहन हैं। ऐलन की शादी नहीं हुई थी और मां-बाप स्वर्ग सिधार गए। ऐलन पिता दानीराम साहू ग्राम ढाबाडीह जिला बालोद का रहने वाला था। वह वाहन चालक था। 10 मई 2018 को वह दुर्ग से आयरन, गिट्टी लेकर धमतरी की ओर आ रहा था। ग्राम सनौद अरकार मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनके वाहन की भिंड़त हो गई। घायलवस्था में ऐलन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। जिला अस्पताल धमतरी में उसका पोस्टमार्टम किया गया। शव परीक्षण का पुलिस प्रमाण-पत्र भी है। कुमारीबाई ऐलन के मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए जिला अस्पताल, नगर निगम, घटनास्थल के ग्राम पंचायत का चक्कर काट रही है, लेकिन उसे अब तक प्रमाण- पत्र नहीं मिला सका है। जनदर्शन में कलेक्टर से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की मांग की है।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला अस्पताल के अधिकारी से कहा कि शासकीय अस्पताल से मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है, यह गंभीर विषय है। इस तरह के कार्यों के लिए लोग भटकते रहे तो यहां समस्याओं का ढेर लग जाएगा। कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई कर समस्या का निराकरण से अवगत कराने को कहा है।

---

आईटीआई कोर्रा के छात्रों ने फेसिलिटी एवं हमालों ने मांगा समान पारिश्रमिक

# छात्रों और हमालों की समस्या फिर पहुंची कलेक्टर जनदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिछले कलेक्टर जनदर्शन में समस्या का निराकरण नहीं होने से दो मामले फिर कलेक्टर दरबार पहुंचे। आईटीआई कोर्रा के छात्रों ने तथा उपार्जन केंद्र के हमाल ठेकेदारों ने पुनः कलेक्टर से समस्या का निवारण करने की मांग की है।

आईटीआई कोर्रा के छात्र ममता कंवर, दुर्गा यादव, हितेश साहू, भागीरथी साहू, तामेश्वर ने अभाविप के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि कोर्रा आईटीआई में कोई फेसिलिटी नहीं है। पिछले सप्ताह समस्या के निवारण का आवेदन दिया गया था। आश्वासन मिला था लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। अभाविप के नगर मंत्री हितेश धृतलहरे ने कहा कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए अन्यथा परिषद उग्र आंदोलन करेगी।

वहीं दूसरे मामले में उपार्जन केंद्र के हमाल ठेकेदारों ने कहा है कि मिलर्स की गाड़ी को लोडिंग करने पर 3.20 रुपए वहीं परिवहनकर्ताओं की गाड़ी को भरने का चार्ज 2.90 रुपए है। एक काम के लिए अलग- अलग दर को लेकर पिछले सप्ताह कलेक्टर से शिकायत की गई थी। उनकी समस्या का अब तक निराकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने समान पारिश्रमिक नहीं मिलने पर परिवहनकर्ताओं की गाड़ी लोडिंग नहीं करने की चेतावनी दी है।

---

# प्रशिक्षण लेने के बाद अब मानदेय का चक्कर

- बड़ौदा आरसेटी में आवासीय प्रशिक्षण लेने वाली 35 महिलाओं को नहीं मिला मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सालभर पहले प्रोजेक्ट उन्नति के तहत सब्जी बाड़ी उत्पादन का प्रशिक्षण लेने वाली समूह की 35 महिलाएं मानदेय के लिए पंचायत, जनपद तथा कलेक्टोरेट का चक्कर लगा रही हैं। कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत गोजी की महिलाएं भारती, चमेली तारक, कामिनी साहू, राम्हीन, दामिनी, शिवकुमारी ने बताया कि वे गांव की विभिन्न महिला समूह की सदस्य हैं। प्रोजेक्ट उन्नति के तहत रोजगार गारंटी में पंजीकृत महिला जो 100 दिन कर चुकी हैं, उन्हें सब्जी बाड़ी उत्पादन के प्रशिक्षण के लिए चुना गया। सालभर पहले गांव की 35 महिलाओं ने बड़ौदा आरसेटी में 10 दिन रहकर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को मनरेगा रोजी के तहत 221 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 10 दिन का मानदेय दिया जाना था। प्रशिक्षण के बाद मानदेय के लिए वे ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक मजदूरी राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मानदेय दिलाने की मांग की है।

---

# गिरने से राइस मिल मजदूर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- पोटियाडीह की घटना

राइस मिल में काम करते समय मजदूर युवक ऊंचाई से नीचे गिर गया। घटना में घायल मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

घायल के साथी से मिली जानकारी के अनुसार अजय मंडल पिता सूर्यनारायण उम्र 20 वर्ष सुपौल बिहार निवासी ग्राम परसतराई में रहकर 3-4 माह से ग्राम पोटियाडीह स्थित अरिहंत एग्रो इंडस्ट्रीज में हेल्पर का काम कर रहा है। सोमवार को मशीन चढ़ाते समय युवक रस्सी को पकड़ा हुआ था। इसी दौरान युवक 15 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। घटना में युवक घायल हो गया, जिसे साथी मजदूरों ने उपचार के लिए संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना में युवक के सिर व शरीर में अन्य जगह चोट लगी है।



---

पंचायत, नगरीय निकाय चुनाव सहित अन्य मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं की ली बैठक

# धान खरीदी में किसानों से हो रहा धोखा : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





पंचायत चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव सहित अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार को कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यह बैठक बंद कमरे में हुई। सभी को नसीहत दी गई है कि पार्टी जिसे भी महापौर पद के लिए खड़ा करती है, उसे स्वीकार कर कांग्रेस को जिताने के लिए इमानदारी से मेहनत करें।

धान खरीदी, नगरीय निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव सहित अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में राजीव भवन में बैठक रखी गई। बैठक में श्री बैज ने कहा कि धान खरीदी में प्रदेश सरकार अपने वादों पर खरी नहीं उतर रही है। वादा के अनुसार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जानी चाहिए लेकिन प्रदेश सरकार अनावरी रिपोर्ट में गोलमाल कर किसानों से कम धान खरीद रही है। अनावरी रिपोर्ट को छिपाया जा रहा है। कांग्रेस द्वारा अनावरी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई है लेकिन अब तक सरकार ने अनावरी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है। धान खरीदी में दूसरा गोलमाल धान के मूल्य को लेकर है। सरकार ने वादा किया था कि किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जाएगी लेकिन किसानों को प्रति क्विंटल 2300 रुपए थमाया जा रहा है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, मोहन लालवानी, तारिणी चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, कविता बाबर, आनंद पवार, गोपाल शर्मा, होरीलाल साहू, युवराज शर्मा, राजा देवांगन, गीतराम, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### गर्ल्स कालेज में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आज से

**धमतरी**। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में 3 से 11 दिसंबर तक आंतरिक मूल्यांकन तीन पाली में होगी। प्रथम पाली में प्रातः 11 बजे से 12.30 तक बीएससी प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी, बीएससी भाग 2, भाग 3 नियमित, एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय पाली में दोपहर 1 से 2.30 बजे तक बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी, बीए भाग 2, भाग 3 नियमित, एमए राजनीति विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, तृतीय पाली में 3 से 4.30 बजे तक बीकॉम प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी, बीकॉम भाग 2, भाग 3 नियमित एवं पीजीडीसीए की परीक्षा होगी।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### डनेश्वर व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोनीत

**मगरलोड।** व्यापारी संघ मेघा द्वारा एक समारोह का आयोजन किया था। सर्वसम्मति से व्यापारियों ने अध्यक्ष के लिए डनेश्वर निषाद को मनोनीत किया। उपाध्यक्ष इंद्रजीतसिंह दिग्वा, योगेश साहू सचिव, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल बैस, सहसचिव चंद्रशेखर विश्वकर्मा, किसनलाल विश्वकर्मा पुनः मीडिया प्रभारी बनाये गये। अध्यक्ष श्री निषाद ने हर परिस्थिति में मेघा के व्यापारियों को साथ लेकर चलने का आश्वासन दिया।

### जीजामगांव कालेज में संविधान दिवस मना

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ.चोवाराम यदु ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को उल्लेखित करते हुए भारतीय संविधान की महानता, व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान व्यापक एवं सबसे बड़ा लिखित संविधान है। प्राध्यापक पुष्पा दर्रो, पृथ्वीराज साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## निधन

### श्रीमती पुष्पा शर्मा



**धमतरी।** श्रीमती पुष्पा शर्मा पति स्व. सुरेश चंद्र शर्मा निवासी रामसागरपारा धमतरी का स्वर्गवास रविवार को हो गया। वे कांग्रेस नेत्री विभा शर्मा और अधिवक्ता रूपा शर्मा की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### अग्नि बाई हिरवानी



**धमतरी।** रामबाग सदर दक्षिण वार्ड निवासी अग्नि बाई हिरवानी 90 वर्ष पति स्व. रामा प्रसाद हिरवानी का सोमवार को निधन हो गया। वे नगर निगम कर्मचारी होमशंकर हिरवानी एवं यशवंत हिरवानी की मां एवं राहुल, ऐश्वर्य, हिमांशु हिरवानी की दादी थी। उनकी अंतिम यात्रा 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे गृहनिवास से शांतिघाट के लिए निकलेगी। धीवर समाज ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### फगुवाराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम बोड़रा निवासी फगुवाराम साहू 120 वर्ष का निधन 2 दिसंबर सोमवार को हो गया। वे रामगुलाल के पिता व रामबाई, शांतिबाई के ससुर थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

न्यायालय ने निर्णय को उचित बता दोषमुक्ति को रखा यथावत

# कुरूद डीजे कांड : दोषमुक्ति के निर्णय के विरुद्ध की गई अपील खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



फाइल फोटो

फरवरी 2015 को नगर पंचायत कुरुद के वार्ड क्रमांक 14 में रायल क्लब द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसी दौरान नगर में तोड़फोड़ की घटना के साथ ही तत्कालीन पार्षद के निवास गृह में भी कथित रूप से तोड़फोड़ के साथ ही बलवा की घटना हुई थी। पश्चात थाना कुरूद व अन्य स्थानों पर भी पथराव व तोड़फोड़ की घटना हुई थी । उक्त घटना में तीन अलग- अलग मामले पंजीबद्ध कर अनेक लोगों को गिरफ्तार किया गया और कारागार में निरूद्ध रखा गया था। लगभग ढाई माह तक जेल में रहने के बाद उनकी हाईकोर्ट से जमानत हुई थी ।

मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट कुरूद द्वारा विचारण किया गया था। उन्होंने समस्त साक्षी के बयान दर्ज करने के बाद बचाव पक्ष के प्रस्तुत स्पष्टीकरण व उनके अधिवक्ता मुकेश साहू द्वारा ध्यानाकर्षित कराए न्याय दृष्टांतों को विचार कर प्रकरण में सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया था। उक्त प्रकरण में विचारण न्यायालय द्वारा पारित दोषमुक्ति के निर्णय को जिला न्यायालय में अपील के माध्यम से चुनौती दी गयी थी। उक्त अपील जिला न्यायालय में विचाराधीन रही। 2 दिसंबर 2024 को अपीलकर्ता शासकीय अधिवक्ता द्वारा अपनी अपील का मुद्दा बताया गया साथ ही आरोपीगण की ओर से मुकेश साहू अधिवक्ता ने विचारण न्यायालय के निर्णय की विवेचना कर गवाहों के बयानों में आए विरोधाभास को ध्यानाकर्षित कराया। अपीलकर्ता तथा बचाव पक्ष को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश धमतरी ने विचारण न्यायालय के निर्णय को वैधानिक रूप से हस्तक्षेप योग्य नहीं पाया और आरोपीगणों की दोषमुक्ति को यथावत रखते हुए अपील निरस्त कर दी।

## ऑटो यूनियन के जितेंद्र अध्यक्ष व प्रकाश सचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

रविवार को सर्वसम्मति से ऑटो यूनियन मालक संघ कुरूद के संगठन का निर्वाचन हुआ। जितेंद्र चन्द्राकर अध्यक्ष एवं प्रकाश साहू सचिव चुने गये। नवनियुक्त पदाधिकारियों को नवीन दायित्व के लिए संघ के संरक्षक भानु चंद्राकर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने हर्ष जताया है। पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल संपन्न होने के बाद ऑटो यूनियन ने अध्यक्ष सहित सभी अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जिसमें जितेन्द्र चन्द्राकर अध्यक्ष, धनराज ध्रुव उपाध्यक्ष, ओंकार साहू कोषाध्यक्ष, प्रकाश साहू सचिव, पंकज ध्रुव सहसचिव नियुक्त किये गए। सभी ने नवीन दायित्वों को पूरी ईमानदारी एवं संघ के हितों को ध्यान में रखकर निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिल निर्मलकर, रूपराम देवांगन, राजू निर्मलकर, महेन्द्र यादव सहित पूर्व पदाधिकारी मौजूद थे।

## विधायक ने केंद्रीय मंत्री मांडविया से की मुलाकात

- समसामयिक राजनीतिक व विकास कार्यों के मुद्दे पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने नई दिल्ली में श्रम एवं रोजगार तथा खेल एवं युवा कल्याण केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से भेंटकर कुरूद विधानसभा के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की एवं जन हित से संबंधित कार्यों और आवश्यक मांगों को उनके समक्ष प्रस्तुत किया। सोमवार को विधायक श्री चंद्राकर ने राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू , महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा के साथ केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया से भेंटकर विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े मांग पत्र भेंट किये। केंद्रीय मंत्री ने श्री चंद्राकर की मांगों को प्राथमिकता देते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया। इस औपचारिक मुलाकात में समसामयिक राजनीतिक मुद्दे एवं छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर भी आवश्यक चर्चा हुई।

## दरबा सोसाइटी के जीवन अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



जीवन साहू कोड़ापार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दरबा का प्राधिकृत अधिकारी चुना गया। समिति प्रबंधक राजेश सेन ने नवनिर्वाचित श्री साहू का गुलाल एवं पुष्पहार से स्वागत कर शपथ पत्र सौंपा। प्राधिकृत अधिकारी ने किसानों का हरसंभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर श्यामलाल साहू, कौशलैस आडिल, गुलशन कुमार साहू, टकेश साहू, बेनीराम साहू, खेमचंद साहू, बिसेलाल साहू, झुमुक लाल साहू, डीहूराम साहू, लेखराम साहू, रामखिलावन साहू, कन्हैयालाल साहू, धनसिंह साहू, गंगाराम निर्मलकर, फलेद्र साहू उपस्थित थे।

## गोजी बूथ क्रमांक 40 के राजेंद्र साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम गोजी में सिर्री मंडल के बूथ क्रमांक 40 में भाजपा संगठन महापर्व पर संयुक्त बैठक कर सर्वसम्मति से राजेंद्र साहू को बूथ अध्यक्ष बनाया गया। इससे वे पहले भाजपा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर थे। सचिव भूपेंद्र साहू, बीएल ओ 2 संतोष साहू, युवा प्रमुख एस कुमार साहू, महिला प्रमुख लता साहू, व्हाट्सएप प्रमुख विनोद साहू, मन की बात प्रमुख भूषण साहू, स्वच्छता प्रमुख होरासिंग साहू, की वोटर प्रमुख दौलत साहू, मोटर साइकिल माणिक राम, कार्यक्रम प्रमुख जय मित्र साहू, सामाजिक प्रमुख ठाकुरराम साहू, दीप कमल प्रमुख विज्ञान साहू, लाभार्थी प्रमुख इन्द्रनारायण साहू, पन्ना प्रमुख गैंदराम साहू, सदस्य अमृत साहू, टेमिन साहू, गीता साहू, हुलसी साहू, जमुना साहू, ललिता साहू, रोशनी यादव, डोमन पाल, कमलेश यादव, लोकेश्वर साहू बनाए गए।

इनकी नियुक्ति पर पूर्व बूथ अध्यक्ष इंदु साहू सहित चिंवरी परिक्षेत्र अध्यक्ष पोखराज साहू, पूर्व सरपंच वीणा साहू, छत्रपाल साहू, बिसहत साहू, दुखवा साहू, अन्नपूर्णा साहू, पीला बाई साहू, केशर साहू, रामनाथ साहू, सुखी साहू, ऐनूराम साहू, मोहन सोनवानी ने हर्ष जताया है।

## जिओ जेब्रा एप से गणित होगा आसान

- नई शिक्षा नीति के गणित विषय के व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



जिला शिक्षा एव संस्थान नगरी में डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के दिशा- निर्देश पर गणित विषय का प्रशिक्षण हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी गणित विषय के व्याख्याता उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप, क्षमता विकास एवं उन्मुखीकरण के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। दिलीप अदानी, प्रदीप साहू, आरके प्रजापति, किंजन साहू ने गणित विषय पर ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया। शिक्षा नीति 2020 पर डा.व्हीपी चंद्रा प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल सिंगपुर ने नई शिक्षा नीति का परिचय, नीति, सिद्धांत एवं उद्देश्यों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया।

तीन दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने गणित विषय को किस तरह सरल तरीके से बच्चों तक पहुंचाएं, इस पर विशेष फोकस किया। गणित विषय में बच्चों से होने वाली त्रुटियां को दूर करना, ज्यामिति को सरल तरीका से प्रस्तुत करना, क्रमचय संचय क्षेत्रमिति समुच्चय पर चर्चा हुई । प्रश्न पत्र निर्माण के लिए ब्लूप्रिंट पर शिक्षकों द्वारा समूह बनाकर प्रस्तुतिकरण किया गया। जिओ जेब्रा एप द्वारा गणित को सरल बनाया जा सकता है। टीएलएम के माध्यम से रुचिपूर्ण पूर्ण और सरल बनाया जा सकता है। बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स दिलीप अंदानी द्वारा योग शिक्षकों को योग सिखाया गया। प्रशिक्षण में चारों विकासखंड के गणित विषय के 112 व्याख्याताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्था का टेक्निकल सपोर्ट रहा। इस प्रशिक्षण में डाइट नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय का विशेष सहयोग रहा। सभी व्याख्याताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## एड्स पीड़ित के प्रति सहानुभूति रखने की जरुरत

- छग महतारी महाविद्यालय भखारा में विश्व एड्स दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





छग महतारी महाविद्यालय भखारा में विश्व एड्स दिवस पर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता लाने विविध कार्यक्रम हुए।

नेहा साहू सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने कहा कि एड्स एक लाइलाज़ बीमारी है। इससे केवल सावधानी से ही बचा जा सकता है। उन्होंने एचआईवी पॉजिटिव और एड्स फैलने के कारणों को बताया। एचआईवी पॉजिटिव से संक्रमित सुई, एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति के खून लेने, असुरक्षित यौन संबंध बनाने एवं एचआईवी एड्स से संक्रमित माता के गर्भ में पल रहे बच्चे को एड्स की बीमारी हो सकती है। प्रीति साहू सहायक प्राध्यापक रसायन ने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति को सर्दी खांसी और बुखार लगातार बना रहता है।

प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति को समाज में भयमुक्त प्रदान करने के लिए उनके साथ सहानुभूति, स्नेह, और आत्मविश्वास बढ़ाने जैसे व्यवहार किया जाना चाहिए ।

इस अवसर पर एचआईवी एड्स से संबंधित रंगोली, निबंध, पोस्टर आदि प्रतियोगि आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में भावना बीएससी, दामिनी बीए भाग तीन, साक्षी साहू बीएससी भाग तीन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में उर्मिला, पुष्पलता बीएससी भाग तीन, देविका व दीपिका बीएससी भाग दो रही। पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता, नंदिनी, रश्मि, उमेश्वरी व वर्षा बीएससी द्वितीय ने एचआईवी एड्स पर उत्कृष्ट पोस्टर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण एमएस साहू, ऐमेश्वरी पीढ़ी, उषा साहू, अंजु कुर्रे, एसके साहू समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डेविड सिन्हा बीए प्रथम वर्ष तथा आभार प्रदर्शन टीके साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी ने किया।

## एड्स असुरक्षित रक्तदान, टैटू से फैलता हैः डॉ. सोम

- विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा पर सुखराम नागे कालेज में जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं रेडरिबन की सहसंयोजक प्रो.लोकेश्वरी राठिया के निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एड्स के प्रति सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी देना था।

मुख्य अतिथि डॉ. डीएन सोम ब्लाक चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह वास्तव में बीमारी न होकर सिंड्रोम अर्थात बीमारियों का समूह है जो व्यक्ति के प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर कर देता है जिससे व्यक्ति कई बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है। एड्स असुरक्षित रक्तदान द्वारा, संक्रमित सुई के अलावा वर्तमान में प्रचलित टैटू द्वारा फैलता है । उन्होंने एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रतिसहानूभुति का भाव रखने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य ने समाज में एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर स्वयं जागरुक होने एवं अपने आसपास के लोगों को भी जागरुक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर निंबध, भाषण एवं पोस्टर स्पर्धा आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागी भूमिजा, रोशन दीवान एवं वेणुका देवांगन को पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन नेहा राजन ने किया। कार्यक्रम में प्रो .मोहित कुमार, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ.वेणु साहू, डॉ. अंबा शुक्ला, सौरभ पाण्डे, शिवेन्द्र धुर्वे, प्रमोद चौरे, हर्षद चंद्राकर, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, सीता नेताम समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

उठाव नहीं होने से खरीदी में आ सकती है दिक्कतें

## मगरलोड सोसाइटी में 19319.60 क्विंटल धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर से जारी है। खरीदी शुरू हुए 3 सप्ताह होने वाला है। ब्लॉक के अधिकतर धान खरीदी केंद्रों में परिवहन नहीं होने से फड़ में धान जाम होने की स्थिति बन गई है। मगरलोड सोसाइटी में धान जाम हो गया है। मगरलोड सोसाइटी अंतर्गत परसवानी, भरदा, मगरलोड, भैसमुंडी, मड़ेली, बकोरी, तेंदुभाठा, चारभाठा गांव आते हैं। किसान टोकन के हिसाब से किसान धान की बिक्री कर रहे हैं।

समिति प्रबंधक दीपक साहू, धान खरीदी केन्द्र प्रभारी रमेश साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर पीतांबर साहू ने बताया कि इस वर्ष सोसाइटी को 91 हजार क्विं. धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। सोसाइटी में 14 से 29 नवंबर तक 462 किसानों ने 20579.60 क्विं. धान की बिक्री की है। 4,74,03,264 रूपये की खरीदी हुई है जिसमें से किसानों से 1,41,47,902 रूपये के ऋण वसूली की गई है। 3,32,55,362 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया गया है। खरीदी केन्द्र में मोटा धान 7246.40 क्विं., पतला धान 3509.20 क्विं. और सरना धान 9824 क्विं. खरीदी हुई है। जिसमें से मात्र मोटा धान 1260 क्विं. धान का ही परिवहन हुआ है। अभी फड़ में 19319.60 क्विं. धान जाम पड़ा हुआ है। अगर 2-3 दिनों में धान का परिवहन नहीं हुआ तो फड़ में खरीदी करने की दिक्कतें हो सकती हैं।

**Pride of Dhamtari**

**राजनीतिक कटआउट**
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### युवा उत्सव पर होगी कई विधाओं की प्रस्तुति

**धमतरी।** प्रदेश के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस साल भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड और जिला स्तर पर किया जा रहा है। प्रभारी खेल अधिकारी बी. एक्का ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर 3 से 6 दिसम्बर तक और जिला स्तर पर 13 दिसम्बर को युवा उत्सव के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के लिए प्रतिभागी प्रतियोगिता स्थल में भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन फॉर्म के साथ दो फोटो, जाति, निवास, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न करेंगे। 3 दिसम्बर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी, 4 दिसम्बर को अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम कुरूद, 5 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसमुंडी, मगरलोड और 6 दिसम्बर को श्रृंगीऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में कार्यक्रम होंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 दिसम्बर को इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में किया जाएगा। युवा उत्सव 15 से 29 वर्ष तक की आयु वर्ग में आयोजित होगा। इसमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, लाईफ स्कील के तहत कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला, तात्कालिक भाषण, कविता, थीमेटिक के तहत विज्ञान मेला, युवा कृति के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाईल, कृषि उत्पाद, फोटोग्राफी के तहत मोबाइल फोटोग्राफी, रॉकबैंड विधा में प्रतियोगिता होगी।

- विकासखण्ड स्तरीय 3 से 6 व जिला स्तरीय आयोजन 13 दिसम्बर को होगा

### बूथ कार्यकर्ता भाजपा की प्रमुख कड़ी : डीपेंद्र

**धमतरी।** अर्जुनी में बूथ कमेटी का गठन पूर्व जनपद सदस्य डीपेंद्र साहू की मौजूदगी में किया गया। बूथ 96 अध्यक्ष मौरजध्वज सिन्हा, बूथ 97 श्याम बैगा, बूथ 98 के अध्यक्ष वेदप्रकाश सिन्हा बनाये गये। इस अवसर डीपेंद्र साहू ने कहा कि गांव की पहचान गांव के वरिष्ठजनों से होती है। बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी को जिताने के लिए प्रयास करते हैं। बूथ कार्यकर्ता भाजपा की सबसे प्रमुख कड़ी है। भाजपा के वरिष्ठ कालीदास सिन्हा ने कहा कि भाजपा का दृढ़ निश्चय देश का विकास है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य कर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। लोग भाजपा के सदस्यता अभियान में स्वतः जुड़ रहे हैं।

### राजपुर स्कूल में संविधान दिवस मना

**नगरी।** शाउमावि राजपुर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा उनके योगदान को स्मरण किया गया

## संबलपुर में आयोजित रासेयो शिविर में एड्स पर हुई परिचर्चा

# एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी से एचआईवी पॉजिटिव स्वस्थ जीवन जी सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम संबलपुर में आयोजित है। शिविर में एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. डीएन सोम सिविल अस्पताल नगरी ने बताया कि छूने, गले लगाने, हाथ मिलाने या किसी के साथ खाना खाने से एड्स नहीं फैलता। एचआईवी वायरस केवल खून, वीर्य और स्तनपान से बच्चों में हो सकता है। एचआईवी संक्रमित मां से बच्चे में वायरस पहुंचने का खतरा होता है, हालांकि इसे रोका भी जा सकता है। यदि गर्भवती महिला में एचआईवी संक्रमण का पता चलता है, तो उसे दवाई देकर बच्चे को संक्रमण से सुरक्षित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमण होने के बाद भी एड्स से बचा जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी की मदद से लंबे और स्वस्थ जीवन जी सकता है। समय पर दवा लेने और सही खान-पान से प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत रखना आसान होता है। सुपरवाइजर एमएन सोम ने बताया कि एचआईवी संक्रमण कई प्रकार के हो सकते हैं इसलिए पुनः संक्रमण और इसकी गंभीरता का जोखिम हमेशा बना रहता है। यदि महिला और पुरुष दोनों एचआईवी संक्रमित हैं तो भी उन्हें सुरक्षात्मक उपायों को प्रयोग में लाते रहना चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि समय पर इलाज से एचआईवी वाले व्यक्ति को एड्स से बचाया जा सकता है।




इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू, शिल्पा मानिकपुरी, त्रिवेणी सूर्यवंशी, वेणुसुधा साहू, ललिता साहू, संबलपुर सरपंच दीपक रवि बिसेन, मनिहार नाग, राजेश सोम, देवा सूर्यवंशी, चिकित्सा विभाग से स्टाफ हेमंत साहू, कीर्ति कंवर, हेमंत दीवान, संगीता देवांगन, टीआर निषाद उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दिया पेंशन प्राधिकार पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने 30 नवम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 9 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों के स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड धमतरी के सहायक वर्ग 2 श्रीमती सुषमा जाधव, भृत्य मानसिंह ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के व्याख्याता लक्ष्मणराव मगर, प्रपा प्राथमिक शाला कुरूद रमेश सोनवानी, प्रपा प्राथमिक शाला नगरी रोहितलाल धनंजय, व्याख्याता शाउमावि खरतुली ऋषिकांत सिन्हा, व्याख्याता सलोनी धनश्याम साहू, लेखापाल शाउमावि जीजामगांव रूपकुमार सिन्हा और उच्चश्रेणी शिक्षक शाउमावि भखारा नन्दकुमार साहू शामिल हैं।

## मॉड्यूल प्रशिक्षण का राजस्व पटवारियों ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर कुकरेल राजस्व पटवारी संघ ने ऑनलाइन भुइंया सॉफ्टवेयर के नए मॉड्यूल प्रशिक्षण का बहिष्कार किया। अध्यक्ष द्विज राम मरकाम, संरक्षक योगेंद्र श्रीमाली ने बताया कि भू-राजस्व संहिता धारा 115 के तहत राजस्व अभिलेख संबंधी सुधार ऑनलाइन भुइंया के माध्यम से किया जाता है। विरोध का मुख्य कारण शासन से लंबे समय से संसाधन की मांग है। संघ के माध्यम से लगातार शासन को इस बात से अवगत कराया गया कि बिना कंप्यूटर, बिना इंटरनेट भत्ता के लंबे समय से पटवारी शासकीय कार्य कर रहे हैं। सभी मांगों से प्रशासन को पहले ही अवगत कराया गया है। उसके बाद भी मॉड्यूल का प्रशिक्षण शासन द्वारा बिना संसाधन के दिए किया जा रहा है। संसाधन उपलब्ध कराने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर कुशल कुंजाम, कोषाध्यक्ष दीपक मरकाम, सहसचिव गोविंद प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी ऋषि कपूर गंगेले, लक्ष्मी धनेश्वर, प्रवक्ता डोमन प्रकाश बंजारे, सचिव विरेंद्र कुमार कुंजाम मौजूद थे।




## जयाबाई का सहारा बना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

- बिहान से जुड़ी जया बाई को योजना के तहत मिले 2 लाख रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार के भरण पोषण का पूरा दारोमदार परिवार के मुखिया पर होता है, लेकिन किसी दुर्घटना, बीमारी या किसी अन्य कारण से परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाये, तो पूरा परिवार बिखर जाता है। ऐसे परिवार को अपने जीवन यापन करने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसे ही निर्धन एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करने के उद्देश्य से 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएम जेजेबीवाई) की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत यदि किसी की मृत्यु हो जाती है, तो बीमाधारक के परिवार या नामित व्यक्ति को 2 लाख रुपये की बीमा राशि मिलती है। धमतरी जिले के ग्राम कोपेडीह की श्रीमती जयाबाई को इस योजना के तहत 2 लाख रुपए बीमा से प्राप्त हुआ है।



श्रीमती जयाबाई जोशी कहती हैं कि उनके पति शंकरलाल जोशी की मृत्यु होने के बाद वह परिवार के भरण-पोषण की चिंता करने लगी। ऐसे में उनके जीवन का सहारा बना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना। योजना के तहत उन्हें 2 लाख रूपये का चेक बीते माह प्राप्त हुआ है। अब वह इस राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई और उनका भविष्य संवारने में करेंगी।

### स्वयंसेवकों ने की गांव की सफाई, कवि सम्मेलन का ग्रामीणों ने लिया आनंद

**नगरी।** रासेयो इकाई शाउमावि फरसियां द्वारा आयोजित शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत पीटी परेड के साथ हुई। परियोजना कार्यअंतर्गत स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, नलकूपों, सड़क के आसपास की साफ-सफाई की। रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि पदुमलाल साहू, तरुण साहू, आकाश साहू, कुलदीप साहू, तुलसी साहू, पंकज साहू व स्वयंसेवक मोनिका गोस्वामी, देविका नाग, पुष्कर साहू, खेमन साहू ने कविता पढ़ी। कवि सम्मेलन बेटियों पर विशेष फोकस रहा। मौके पर रासेयो अधिकारी ऋषिकेश साहू, प्राचार्य नीरज सोनी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल व अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएम जनमन योजना से बेघरों को मिल रहा पक्का घर

### शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही हो रहे लाभान्वित







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जीवन में हर व्यक्ति का सपना होता है कि उनका खुद का पक्का आवास हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित व हंसी खुशी के साथ सुखमय जीवन जी सके।गरीब परिवारों के लिए पक्का आवास का सपना, सपना बनकर ही रह जाता है। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत वर्षों का यह सपना साकार हो रहा है। जिले के मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत मारागांव निवासी श्रीमती धानबाई पति काजू राम उन हजारों हितग्राहियों में शामिल हैं जिन्हें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की मदद से पक्का आवास मिला। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवास निर्माण की स्वीकृति मिली। आवास योजना के तहत अनुदान प्राप्त राशि 2 लाख रुपए तथा मनरेगा योजना के तहत 90 मानव दिवस नियोजित श्रमिक की मजदूरी भुगतान हेतु राशि 19 हजार 890 रुपए हितग्राही को प्राप्त हुआ। लाभान्वित हितग्राही श्रीमती धानबाई ने देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए बताया कि सरकार की यह योजना बहुत अच्छी है। यह गरीबों की जिंदगी बदलने वाली योजना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उन्हें तीन किस्तों में राशि मिली। इसमें उन्होंने अपने पास रखी जमा पूंजी को मिलाकर अपने सपनों का मकान बनाया जिसमें अब वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित व आनंदित जीवन व्यतीत कर रही हैं।

इसी तरह ग्राम नवाडीही, ग्राम पंचायत खड़मा (माल) निवासी श्रीमती कुलेश्वरी पहरिया वर्षों से अपने परिवार के साथ रहकर रोजी मजदूरी करके जीवन यापन करती हैं। पहले मिट्टी के कच्चा मकान होने के कारण रहने में काफी असुविधा होती थी जिनके लिए एक पक्का मकान बनाना असंभव था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत श्रीमती कुलेश्वरी पहरिया को पक्का आवास मिला। इससे उनका सपना साकार हुआ। अब वह परिवार के साथ खुशहाल जीवन जी रही हैं। उन्होंने बताया कि वे पहले दो कमरे के कच्चे मकान में निवास कर रहे थे। मिट्टी और घासफूस से ढंके खपरे का घर होने के कारण बरसात के दिनों में पानी का टपकना, जमीन में नमी आ जाना, दीवारों में सीलन व कई अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिलने से परिवार चिंता मुक्त हो गये हैं।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में सभी निभायेंगे सहभागिता

- कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएल कौशिक ने बताया कि जनभागीदारी से टी.बी.मुक्त भारत अभियान 7 दिसम्बर से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत के लिए जनभागीदारी थीम को लेकर चलाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ, 8 दिसम्बर को समुदाय के लोगों को निक्षय मित्र बनाने प्रेरित किया जाएगा तथा 23 से 31 दिसम्बर के बीच जनप्रतिनिधि सहित लोगों के माध्यम से कार्यक्रमों में क्षय उन्मूलन, कुष्ठ, मलेरिया के विषय में जागरूकता लाई जाएगी। टीबी मुक्त भारत के इस अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी के लिए कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, मितानिन, स्वयंसेवी संगठनों को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त बनाने के प्रयास में लगे रहने की अपील की है।

### कलेक्टोरेट में दिलाई गई संविधान की शपथ

**धमतरी।** भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया। यह एक ऐतिहासिक दिन था और इसी दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को भारत के संविधान की शपथ दिलाई गई।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-4 कांकेर (छ.ग.)

एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र 4 कांकेर की सिहावा रोड धमतरी (सिहावा चौक के समीप) शाखा के लिए व्यवसायिक परिसर की आवश्यकता

भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र 4 कांकेर (छ. ग.) के सिहावा रोड धमतरी (सिहावा चौक के समीप) शाखा के लिए पट्टे किराया आधार पर 2000 से 2500 वर्गफिट व्यवसायिक परिसर हेतु मालिकाना पावर ऑफ अटॉर्नी धारकों से उसी परिक्षेत्र के अंतर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती है, अन्य विवरण तथा निविदा शर्तें संबंधी दस्तावेज़ डाउनलोड करने हेतु कृपया बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर लिंक procurement News" के अंतर्गत अवलोकन करे एवं दिनांक 01.12.2024 से 26.12.2024 के बीच लॉगिन कर इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा दिनांक 26.12.2024 तक सील बंद लिफाफे मे पूर्ण जानकारी सहित निम्न पते भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र 4, प्रथम तल, सिटी सेंटर मॉल कांकेर (छ.ग.)- 494334 मे जमा करे निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 26.12.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक है। भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र 4 कांकेर (छ. ग.) किसी भी या सभी निविदा को बिना बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 30.11.2024 क्षेत्रीय प्रबंधक

## समाज में रहकर ही सर्वांगीण विकास संभव : खुशवंत साहेब

- जिला सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख की स्वीकृति दिलवाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सतनामी समाज द्वारा जिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब थे। अन्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे, सलाहकार डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, राजकुमार रात्रे, राजा बंजारे, सचिव मणिकांत जोशी, कोषाध्यक्ष दीपचंद भारती, जिला विजय सोनवानी, मनोज टंडन, भुवन गायकवाड़, महासचिव चन्द्रकुमार बंजारे, कर्मचारी अधिकारी अध्यक्ष भूषण, हरिशंकर सोनवानी, मोहन जगाई, मीडिया प्रमुख राजेश रात्रे, प्रीतम टंडन थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि धमतरी जिला का सामाजिक संगठन अद्भुत है।






धमतरी की धरती से ही प्रदेश संगठन की शुरुआत हुई है। इस अद्भुत एकता को बनाए रखें और समाज की हित मे काम करें। आगे कहा कि व्यक्ति चाहे कितना भी बड़ा अधिकारी, नेता, मंत्री बन जाए पर समाज से बड़ा नहीं हो सकता। समाज में रहकर ही सर्वांगीण विकास संभव है। समाज में जन्म लिया है तो समाज के प्रति कुछ कर्तव्य भी है। उन कर्तव्यों का निर्वहन करना भी हमारी ही ज़िम्मेदारी है। उन्होंने जिला स्तरीय सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दिलवाने की घोषणा की। इस दौरान विभिन्न विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाली विभूतियों का सम्मान श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया गया। मौके पर शिवकुमार कोसरे, लक्ष्मीनारायण बंजारे, नरेश कुमार, श्रीमती चंद्रकला बंजारे, गंगाराम देशलहरा, डेरहा प्रसाद जोशी, चोवाराम ढीढी, भगत राम मारकंडेय, शत्रुहन बारले, घनश्याम, रामकुमार बंजारे, भगवान सिंह सोनवानी, मनोज लहरे, नवीन मारकडेय, विकास बांधे, जितेन्द्र जागई, सोनूराम दीदी, दिलीप रात्रे, दिनेश कोसरिया, देवनारायण टोडे, नरेन्द्र सोनवानी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क ओपीडी आज

**धमतरी।** आज तीन दिसम्बर को विश्व विकलांग दिव पर दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति एवं गुप्ता हॉस्पिटल धमतरी के तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिये निःशुल्क ओपीडी एवं अन्य जांचों में विशेष छूट रहेगी। इच्छुक दिव्यांगजन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक शिविर में आकर अपना इलाज करा सकते हैं। यह जानकारी बसंत कुमार विश्नोई, रोहित, डेरहाराम, नीलकंठ एवं शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने दी है।

### सिवनीखुर्द में शिव महापुराण कथा 6 से

**कुरुद।** बाजार पारा सिवनीखुर्द (बारना) में शिवदल सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 से 12 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।



प्रवचनकर्ता पंडित विष्णुप्रसाद दुबे नवीन जोरतराई होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में श्रीमती त्रिवेणी त्रिभुवन पटेल धमतरी, श्रीमती राजकुमारी राजकुमार साहू परसवानी, श्रीमती पुष्पाकोमल देवगन चर्रा, श्रीमती प्रभा श्याम, लुम्बिका पटेल सिवनी खुर्द, श्रीमती शकुन अश्वनी पटेल, श्रीमती टिकेश्वरी परीक्षित तारक, श्रीमती गिरिजा पार्वती नगारची, श्रीमती श्यामा दीनू प्रजापति, श्रीमती गिरजा भीखम प्रजापति, श्रीमती सविता श्यामलाल प्रजापति, श्रीमती रोहिणी प्रजापति जुटे हुए हैं। यह जानकारी डोमन साहू ने दी है।

### महतारी शक्ति ऋण योजना से प्रदेश की महिलाएं होंगी मजबूत : रंजना

**धमतरी।** सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए एक और योजना शुरू की है। महतारी वंदन के बाद महिलाओं के हाथों को मजबूत करने



महतारी शक्ति ऋण योजना की पहल की जा रही है जिसके तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 25 हजार का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय प्रदेश की प्रत्येक महिला के प्रति प्रतिबद्ध हैं। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 की सहयोग राशि महिलाओं के खाते में भेजकर बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं वहीं अब मातृशक्ति को स्वरोजगार देने महतारी शक्ति ऋण योजना ला रहे हैं। उन्हें बिना किसी औपचारिकता के 25 हजार रूपये का ऋण मिलेगा जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर सकेंगी। यह निर्णय प्रदेश की महतारियों को सशक्त बनायेगा। श्रीमती साहू ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### छत्तीसगढ़ी भाषा की विशेषता पर डाला प्रकाश

**बगदेही(धमतरी)।** शास. उमावि रामपुर में छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके बघेल ने छत्तीसगढ़ी भाषा पर व्याख्यान दिया।

अधिकारियों ने भविष्य में ऐसा कदम नहीं उठाने की दी समझाइश

# समाधि ले रहा था कथित बैगा, पहुंची जिला व पुलिस प्रशासन की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





एक बुजुर्ग बैगा द्वारा अपने अनुयायियों की उपस्थिति में समाधि ली जा रही थी। सूचना पर जिला व पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर बैगा को समाधि लेने से रोक दिया। अधिकारियों ने बैगा को भविष्य में इस तरह का कदम नहीं उठाने की समझाइश देते हुए देर रात्रि उसके घर छोड़ दिया।

जिला मुख्यालय से महज 15 किमी की दूर रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम कसावाही निवासी फूलसिंग निर्मलकर उम्र 75 वर्ष ने सर्वधाम मंदिर बनवाया है। अपनी पत्नी व दो बेटों को त्याग कर फूलसिंग मंदिर के बाजू में बने घर में अपने पांच नाती व नातिन के साथ निवासरत था। बुजुर्ग बीते चौबीस साल से मंदिर में बैगा का काम करता है। उसके पास जिला सहित पड़ोसी जिले व दूसरे प्रदेश के लोग भी इलाज कराने व अपनी समस्याओं का निराकरण के लिए पहुंचते हैं। कथित बैगा फूलसिंग ने पहले से ही समाधि लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके लिए उसने मंदिर के बाजू में बकायदा ग्रेनाइड लगा चमचमाता हुआ समाधिस्थल तैयार करवा लिया था। पूर्व घोषणा के अनुसार 1 दिसंबर रविवार को कथित बैगा द्वारा मंदिर में समाधि ली जानी थी, जिसके लिए रविवार को विशेष अनुष्ठान व भंडारा का आयोजन किया गया था। दूर-दूर से उसके अनुयायी बड़ी संख्या में सर्वधाम मंदिर पहुंचे थे। मंदिर व समाधिस्थल को फूलों से सजाया गया था। बैगा फूलसिंग ने मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की पूजा पश्चात अनुयायियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान अपने चेलों को कार्यभार सौंप बड़े नाती को उत्तराधिकारी घोषित किया। तत्पश्चात बैगा पानी से भरे मिट्टी की मटकी को उठाकर मंदिर में प्रवेश कर भीतर के दरवाजे के पास गिरा दिया। उसके बाद बैगा मौन धारण कर मंदिर में आसन लगाकर बैठ गया। समाधि लिए जाने की सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार व रूद्री पुलिस की टीम कसावाही पहुंची और बैगा को समाधि लेने से रोक लिया। अधिकारी बैगा को अपने वाहन से स्वास्थ्य परीक्षण कराने जिला अस्पताल ले गए। जांच पश्चात बैगा को भविष्य में समाधि नहीं लेने की समझाइश देते हुए लिखित में बयान दर्ज किया। यह धमतरी जिले का पहला मामला है।

**पहले ही बनवा लिया था ग्रेनाइटयुक्त चमचमाता समाधि स्थल**

**बैगा ने कहा - नहीं लूंगा समाधि**

बुजुर्ग बैगा फूलसिंग ने मीडिया को बताया कि वह रविवार को समाधि लेने वाला था। पूरी तैयारी हो गई थी। इसी दौरान प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और उन्हें समाधि लेने से रोककर जिला अस्पताल ले आए। शासन-प्रशासन ने अपना काम किया है। उसे समाधि नहीं लेने समझाया गया है। अब वह भविष्य में समाधि नहीं लेंगे। प्राकृतिक मौत होने के बाद उसके शरीर को तय समाधि स्थल में अंतिम संस्कार किया जायेगा।

**समझाइश के बाद घर छोड़ा गया**

इस संबंध में एसडीएम पवन कुमार प्रेमी ने मीडिया को बताया कि ग्राम कसावाही में बुजुर्ग समाधि लेने की तैयारी में था। तत्काल टीम भेजकर रुकवाया गया। जिला अस्पताल में जांच पश्चात समझाइश देकर बुजुर्ग को घर छोड़ दिया गया है।

## घासीदास जयंती में शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण 31 दिसंबर को गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती मनायेगा। कार्यक्रम देवपुर में होगा। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता श्रीमती कांति सोनवानी जिपं अध्यक्ष करेंगी। विशिष्ट अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, कपिल दशहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष राजेंद्र भारती, सचिव भगवान सिंह सोनवानी, मणिकांत जोशी, संचालक रामेश्वर कुर्रे, नवीन मारकंडे, विनोद डिंडोलकर, देवनारायण तोंडे जुटे हैं।

## छुही में नशामुक्ति रैली निकली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में हाईस्कूल छुही में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। ग्रामवासियों ने गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ रैली निकाली। नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया। आयोजन में प्राचार्य नेताम मैडम, कुलेश्वर उइके, नर्बदा साहू, छविलाल सिन्हा, कौशल साहू, लक्ष्मी साहू, लक्ष्मण यादव, एस. ठाकुर, मैकू राम निषाद समेत शाला परिवार का योगदान रहा।

## खरतुली के स्वयंसेवक राष्ट्रीय विज्ञान नाटिका के लिए मुंबई रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की विज्ञान नाटिका ने विगत दिनों अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। यह टीम राष्ट्रीय विज्ञान नाटिका में भाग लेने के लिए मुंबई रवाना हुई। नाटक जल चक्र का लेखन और निर्देशन आकाशगिरी गोस्वामी ने किया है। इसमें लकी टंडन, धर्मेंद्र साहू, धनेंद्र चेलक , मनोज साहू, खेमराज साहू, लक्ष्मी सार्वा, लीना, रानी साहू, भावना निषाद ने भाग लिया है।

उक्त नाटक की प्रस्तुति नेहरू विज्ञान केंद्र वर्ली मुंबई के प्रेक्षागृह में होगी। विद्यालय के प्राचार्य टीआर नागवंशी, व्याख्याता सीडी रात्रे, नवीन कुमार खरे, मोनिका गोस्वामी यशोदा सिंहा, भारती आर्या, डॉ. बीएल चंद्राकर, शोभना बनपेला, सतीश तुर्रे, संध्या ध्रुव, प्रतिमा यदु, अमित महोबे, संजय कुमार सिन्हा, डायमंड गुरुपंचायन, सत्यभामा जायसवाल, मंजुलता साहू, संदीप सिन्हा ने हर्ष जताया है।

### संविधान दिवस पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**कुरुद।** संविधान दिवस अवसर पर गोबरा के अमृत सरोवर तालाब में बुजुर्गों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी कुंती देवांगन, भृत्य रमेश यादव, सरपंच सावित्री उपसरपंच, बेनीराम साहू, पंच कुंभकरण यदु आदि मौजूद थे।

## नर्सिंग छात्रों ने एड्स के कारणों एवं बचाव के उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस पर जिला चिकित्सालय धमतरी में बैनर, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इस रोग के प्रति आमजनों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने एड्स रोग के कारणों एवं इससे बचाव के उपाय साझा किये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. आर. सूर्यवंशी, नोडल ऑफिसर आदित्य सिन्हा, आईसीटीसी काउंसलर समीर मसीह, गुरुशरण एवं महाविद्यालय के शिक्षक तोपेश्वर कंवर, देवेश साहू, अनामिका साहू उपस्थित थे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संजय लाल के मार्गदर्शन में हुआ।

## दीन दुखियों की सेवा करना ही असली धर्म : नारायण



**धमतरी।** श्री नागदेव शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ के प्रथम दिवस कथावाचक नारायण कौशिक ने शिव महापुराण कथा महात्म्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छोटे- छोटे पुण्य का कार्य महान बना देता है। दीन दुखियों की सेवा करना, पशु-पक्षी, मछलियों को भोजन कराना, गौशाला की सेवा करना ऐसे छोटे छोटे पुण्य नसीब बदल देते हैं। उन्होंने बताया कि एक कुकर्मी जिसने कभी कोई पुण्य का कार्य नहीं किया था, उसे अनायास शिव महापुराण की कथा सुनने को मिल गई। कथा सुनने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मृत्यु हो गई। यमराज के दूत उसे नरक में ले गए। धर्मराज ने जब उसकी कुंडली निकाली तो कोई पुण्य नहीं मिला, लेकिन जाते-जाते वह शिव महापुराण की कथा सुन ली थी इसलिए उसे भगवान शिव के लोक कैलाश में जगह मिली। प्रथम दिवस शिव महापुराण कथा श्रवण करने श्रद्धालु उमड़े रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

## सहायक संचालक उद्यान को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सहायक संचालक उद्यान विभाग के दिलीप सिंह कुशवाहा के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर बिन्द्रानवागांव नर्सरी में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने कहा कि विदाई के क्षण को आप सभी ने यादगार बना दिया है। आगे कहा कि सरकारी कर्मचारी के जीवन में यह सब जरूर आता है जब वह रिटायर्ड होता है लेकिन यह अंतिम पड़ाव नहीं है। यह जीवन के दूसरे पड़ाव की शुरुआत है ।

इस अवसर पर जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी धरम सिंह ने कहा कि श्री कुशवाहा के मार्गदर्शन में जिले में शासन की योजनाओं, आम के पौधों का रोपण वृहद स्तर पर किया गया। इसका परिणाम है कि आज जिले के प्रत्येक गांव में आम की विकसित प्रजाति के पौधे देखे जा सकते हैं। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती अनामिका साहू ने श्री कुशवाहा के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। मौके पर कृषि विभाग के प्रभारी उपसंचालक मनोज सागर, फत्तेलाल पटेल प्रोजेक्ट आफिसर आत्मा, हितेश सिन्हा प्रोग्रामर, श्रीमती प्रज्ञा केसरी, निर्मला साहू, अर्चना सोरी, महेंद्र बारला, जय लोहानी, संतु नाग, कमोद यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## राखेचा परिवार ने मिडिल स्कूल का रंग-रोगन करवाया

**धमतरी।** स्व. आसकरण राखेचा की स्मृति में शासकीय माध्यमिक शाला रत्नाबांधा के शाला भवन एवं सभी कक्षा में शैक्षणिक गतिविधियों से युक्त प्रिंट रिच वातावरण तैयार किया जा रहा है। पूरे स्कूल में रंग रोगन करवाया गया साथ ही बच्चों को स्वेटर दिया गया।



मुख्य अतिथि श्रीमती गौरी बाई राखेचा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। राखेचा परिवार द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े, स्वेटर वितरित किए गए एवं मुंह मीठा कराया गया। मौके पर श्रीमती मीना बाबर, श्रीमती वेणुका देवांगन, श्रीमती मंजु गोस्वामी, श्रीमती भारती यदु, श्रीमती वेदराम साहू, श्रीमती गौरी बाई राखेचा, श्रीमती सपना गोलछा, श्रीमती कल्पना प्रकाश कोठारी, श्रीमती ज्योति राखेचा, विपुल राखेचा, आलोक राखेचा, गौरव लोहाना समेत अन्य मौजूद रहे।






लोहरसी के भवनगुड़ी चौक में नाली निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

## विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है : रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जनपद सदस्य रोशनी पवार ने जनपद विकास निधि से ग्राम लोहरसी में भवनगुड़ी चौक में नाली निर्माण और गायत्री मंदिर के सामने कांक्रीटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर रोशनी पवार ने कहा कि जब मैं चुनाव प्रचार के लिए गांव की गलियों में घूमती थी। उसी समय मन में निश्चय कर लिया था कि अगर जीतकर आई तो गांव की गलियों को कीचड़ मुक्त जरूर करूंगी। आप सभी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में यह काम हो पाया। विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है। पंच कमलनारायण सिन्हा ने बताया कि रोशनी पवार के कार्यकाल में अनेक कार्य हुए। गायत्री मंदिर से गांधी चौक की ओर जाने वाले लोहरसी मुख्य मार्ग में नाली निर्माण करवाकर उन्होंने कीचड़ से मुक्त दिलाई है।

गायत्री मंदिर के सामने कांक्रीटीकरण करवा कर मेला मड़ाई के लिए उस स्थान को सुन्दर बनाया है। भवनगुड़ी चौक में भी नाली निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पंच देवनारायण ने आभार प्रकट किया।

मौके पर अनिरुद्ध गंगबेर, लक्ष्मण साहू, प्रदीप शांडिल्य, संत साहू, अशोक साहू, तोषण यादव, रवि सिन्हा, विनय साहू, बाला साहू, नेकू साहू, रामा साहू, दूज राम साहू, भगवती सिन्हा उपस्थित थे।



